# एक नजर : कॉलेज पुस्तकालय

पवन कुमार मैठानी–पुस्तकालयाध्यक्ष

शिक्षा संस्थान में पुस्तकालय रीढ़ की हड्डी के समान कार्य करता है, और पुस्तकालय के बिना किसी शैक्षणिक परिवेश की पूर्णता की कल्पना करना संभव नहीं है। वस्तुतः पुस्तकालय कल्पवृक्ष की तरह होता है जिसके प्रभाव क्षेत्र के अधीन होकर ज्ञान का साधन मनोनुकूल फल प्राप्त करता है। अति प्राचीन सामग्री से लेकर एकदम आधुनिक शोधों/आविष्कारों के लिखित, अंकित एवं प्रकाशित दस्तावेजों को हम पुस्तकालय के माध्यम से बड़ी आसानी से प्राप्त कर सकते हैं। शिक्षा संस्थान में विद्यार्थी, शिक्षक एवं कर्मचारी सबके लिए पुस्तकों की जरूरत को पुस्तकालय ही पूरा करता है। निश्चित ही पुस्तकालय के सहयोग से ही विद्यार्थी शिक्षा के वास्तविक लक्ष्य को पूरा कर पाते हैं। इस दृष्टि से हमारे कॉलेज का पुस्तकालय पूरी तरह सक्षम कहा जा सकता है।

कॉलेज पुस्तकालय पूरी तरह से पुस्तकालय स्वचालन (**Library Automation**) प्रक्रिया के तहत् कार्यरत् होने के साथ–साथ वातानुकूलित है। विद्यार्थियों को पुस्तकालय में वाई–फाई की सुविधा प्राप्त है। पुस्तकालय सम्बधी सभी कार्य **स्मार्ट आई–कार्ड** के माध्यम से स्वाचालित होते है। कॉलेज पुस्तकालय में दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय सिस्टम और इनफ्लिब–नेट द्वारा प्रदान की जाने वाली सभी ऑनलाइन सेवा उपलब्ध है।

कॉलेज पुस्तकालय में वर्तमान समय में विभिन्न विषयों से संबंधित **57,001** पुस्तकें हैं। जिसमें रेगुलर विभाग में 50,366 पुस्तकें, पुस्तक निधि में 1334, विद्यार्थी सहायता कोष में (**SAF**) 4449 पुस्तकें व उपहार में प्राप्त 852 पुस्तकें हैं। समय–समय पर 31 मार्च–2022 तक 16,744 पुस्तकें पुस्तकालय से **Weeded out** भी की गई। शैक्षणिक सत्र–2021–22 में पुस्तकालय में Rs.**1,37,352=00** मूल्य की **337** पुस्तकें खरीदी गई हैं। वर्ष 2021–22 में पुस्तकालय मद में कुल Rs. 6,14,912=00 व्यय हुआ है। वाचनालय में संस्कृत, हिन्दी और अंग्रेजी भाषाओं के **50** दैनिक, साप्ताहिक एवं मासिक पत्र–पत्रिकाएं नियमित रूप से उपलब्ध रहती है। पुस्तकालय के महत्व का अनुमान इसी से लगाया जा सकता है कि 31 मार्च 2022 तक प्राध्यापकों एवं विद्यार्थियों द्वारा पुस्तकालय से **1,33,605** बार पुस्तकें पढ़ने के लिए निर्गमित (जारी) करवाई गई। कॉलेज पुस्तकालय के विद्यार्थी सहायता कोष व पुस्तक निधि से प्रति वर्ष आर्थिक रूप से कमजोर विद्यार्थियों को साल भर के लिए पुस्तकें दी जाती हैं।

कॉलेज में पुस्तकालय संबंधी सेवाएं **दोपहर 1.30 से रात्रि 8.30** बजे तक उपलब्ध रहती है। विद्यार्थियों, के हितों को मध्य–नजर रखते हुये प्रत्येक सत्र की परीक्षा प्रारम्भ होने से दो माह पूर्व पुस्तकालय का समय प्रातः 9:30 बजे से कर दिया जाता है। जिससे विद्यार्थियों को परीक्षा के दौरान अध्ययन के लिए अधिक–से–अधिक समय मिल सके।

पुस्तकालय में विद्यार्थियों के पढ़ने हेतु **वाई–फाई** (Wi-Fi) युक्त **वातुनुकूलित रीडिंग रूम** है। पुस्तकालय को वातानुकूलित बनाये रखने हेतु पुस्तकालय में **दस ए.सी.** लगे हुये हैं। पुस्तकालय में अनुशासन हेतु **सोलह सी.सी.टी.वी. कैमरे** लगे हुये हैं। विद्यार्थियों को कॉलेज की गतिविधियों से अवगत कराने हेतु पुस्तकालय में **टी.वी.** लगा हुआ है। विद्यार्थियों से संवाद हेतु पुस्तकालय में माइक के साथ चार स्पीकर लगे हुये हैं। पुस्तक सर्च करने के लिए पुस्तकालय में **OPAC** (Online Public Access Catalogue) की सुविधा प्रदान की हुई है। जिसमें विद्यार्थी एवम् संकाय सदस्य अपनी पुस्तक स्वयं आसानी से सर्च कर सकें। अपने विषयानुगत प्रोफेसरों की रिकॉर्डिग को भी सुनने के लिए पुस्तकालय में **हेड–फोन सहित कम्प्यूटर** की सुविधा उपलब्ध है। पुस्तकालय के प्रवेश–द्वार पर **प्रोपर्टी काउन्टर (Property counter)** की व्यवस्था है। पुस्तकालय में व्यवस्था बनाने के उद्देश्य से पुस्तकालय के प्रवेश–द्वार पर प्रवेश रजिस्टर (**Gate Entry Register**) रखा हुआ है। पुस्तकालय में प्रवेश करने वाले प्रत्येक विद्यार्थी, संकाय सदस्य व आगुन्तक को **Gate Entry Register** में अपनी प्रविष्टि करनी अनिवार्य है। जिससे लाईब्रेरी का उपयोग करने वालों का फुट–फॉल (**Foot- Falls**) पता चल सके।

नया लाईब्रेरी सॉफ्टवेयर कोहा (**KOHA**) : कॉलेज पुस्तकालय को स्वचालन (**Automation**) की दृष्टि से और अधिक उपयोगी बनाने के उद्देश्य से 01अक्टूबर/2021 से कॉलेज पुस्तकालय में **क्लाउड बेस** नया लाईब्रेरी सॉफ्टवेयर **कोहा** (**KOHA**) कार्य कर रहा है। **कोहा** (**KOHA**) एक ओपन सोर्स इंटीग्रेटेड लाइब्रेरी मनैजमेंट सोफ्टवयेर है। क्लाउड बेस होने के कारण विद्यार्थी व संकाय सदस्य घर बैठे अपने **मोबाइल** पर अपनी पुस्तक सर्च करने के साथ–साथ, पुस्तकालय में अपने नाम पर जारी पुस्तक चैक कर सकते हैं। आज कॉलेज पुस्तकालय का सारा कार्य **कोहा सॉफ्टवेयर** पर बखूबी परिचालित हो रहा है। कॉलेज संकाय सदस्य और विद्यार्थियों को कोहा सॉफ्टवेयर उपयोग में लाने के उद्देश्य से कॉलेज पुस्तकालय ने 16मार्च–2022 को एक वेबिनार का आयोजन किया। जिसका विषय था : **Library Automation Using KOHA.**

<u>पुस्तकालय में उपलब्ध अन्य सुविधायें :–</u>

1. **एन. लिस्ट (N-LIST) :**

कॉलेज प्राध्यापक, कर्मचारी एवं विद्यार्थियों को ई–सेवा (ई–बुक्स – ई–जर्नल) का अधिक से अधिक निःशुल्क लाभ देने के उद्देश्य से पुस्तकालय ने सितंबर 2017 से **N-LIST (National Library and Information Services Infrastructure for Scholarly Content INFLIBNET (Information and Library Network Centre, Gandhi Nagar, Gujarat),** की संस्थागत सदस्यता ली हुई है। N-LIST के माध्यम से उपयोगकर्ता कभी भी, कहीं से भी 6000 से अधिक **ई–जर्नल्स एवं** 1,35,000 से अधिक ई. पुस्तकों का लाभ ले सकता है। इस सुविधा का लाभ हमारे कॉलेज के संकाय सदस्य व विद्यार्थी बखूबी ले रहे हैं।

2. **अभिलेखागार (ARCHIVES) :-**

कॉलेज पुस्तकालय में कॉलेज अभिलेखागार (**COLLEGE ARCHIVES**) को भी संचालित किया जाता है। जिसमें कॉलेज स्थापना वर्ष 1958 से लेकर अब तक के सारे रिकॉर्ड /सूचनायें/फोटोग्राफस/सी.डी. उपलब्ध हैं। अभिलेखागार में कॉलेज प्रलेखों के अतिरिक्त कॉलेज से सम्बधित अन्य विषयागत निम्नलिखित प्रलेख भी रखे गये हैः–

(i). **मीडिया फाईलः–** समय–समय पर कॉलेज से सम्बधित विभिन्न अखबारों में प्रकाशित खबरों की पेपर क्लीपिंगस को मीडिया फाईल में संकलित कर रखा गया है।

(ii). **नव भारत फाईल :–** विद्यार्थियों को प्रेरणा देने के उद्देश्य से राष्ट्रीय अखबार नव भारत टाइम्स में मंगलवार को नव भारत शीर्षक से प्रकाशित प्रेरणा दायक खबरों को संकलित किया जाता है। जिससे विद्यार्थी उन खबरों से प्रेरणा पा सके।

(iii). **विद्यार्थी–अभिभावक की दृष्टि में कॉलेज फाईल :–** समय–समय पर कॉलेज विद्यार्थियों एवम् उनके अभिभावकों से कॉलेज के संदर्भ में कॉलेज प्रशासन को पत्र प्राप्त होते रहते हैं। उपरोक्त फाईल में इस तरह से प्राप्त सभी पत्रों का संकलन किया गया है।

(iv) **दिल्ली विश्वविद्यालय शताब्दी फाईल :–** 01 मई–2022 को दिल्ली विश्वविद्यालय ने अपनी स्थापना के 100 वर्ष पूरे किये। दिल्ली विश्वविद्यालय के सौ वर्ष के इतिहास को लेकर उपलब्ध महत्वपूर्ण सूचना दस्तावेजों को उपरोक्त फाईल में संकलित किया जा रहा है।

3. वेब–साइटः– वर्तमान युग सूचना प्रसार का युग है, जिसे देखते हुये कॉलेज की **वेब–साइट** (<u>**www.pgdavevecollege.in**</u>) पर **Library Online Portal** के तहत् **ई–लाईब्ररी** को वरीयता दी हुई है। जिसमें विभिन्न ई–लिंकस एवम् विषयों के माध्यम से सूचना का संग्रहण विभिन्न विषयों के अनुसार विभाजित किया हुआ है। जो कि इस प्रकार है :–

**(i). E-Links**

**(ii) Important Pdf Books**

**(iii) Rare Collection**

**(iv) Glory of India**

**(v) Vedas**

**(vi) Mahabharata**

**(vii) Sampurn Ramayan**

4. **ज्ञान–गंगा परियोजना के अन्तर्गत रीडिंग–रूम विस्तार योजना :–**

विद्यार्थियों के समग्र व्यक्तित्व के विकास और उनको लक्ष्य प्राप्त करने में अधिकतम सहयोग देने के उद्देश्य से ज्ञान–गंगा परियोजना के अन्तर्गत कॉलेज पुस्तकालय प्रत्येक सेमेस्टर परीक्षा से **दो माह पूर्व प्रातः 9:30** से खोल दिया जाता है। (जबकि इसका खुलने का सामान्य समय दोपहर 1:30 बजे से है।) जिससे विद्यार्थियों को रीडिंग–रूम (वाचनालय) की सुविधा उपलब्ध हो सके। इस योजना का लाभ अधिकतम विद्यार्थी उठा रहे हैं। प्रातः समय में विद्यार्थियों को अध्ययन के लिए प्रेरित करने के उद्देश्य से कॉलेज प्रशासन द्वारा जरूरतमंद विद्यार्थियों को उनकी इच्छानुसार कॉलेज कैंन्टिन से निःशुल्क नाश्ता और भोजन उपलब्ध करवाया जाता है।

5. दिव्यांग छात्रों को प्रदत्त सुविधा :–

कॉलेज पुस्तकालय द्वारा दिव्यांग छात्रों को पढ़ाई में सहयोग देने के उद्देश्य से **ANGEL PRO CLASSIC DEVICE (in built talking Daisy Player, E-Book Reader, Mp3 Player, Radio & Voice Recorder)** उपलब्ध करवाया गया है। वर्तमान समय में यह **डिवाइस** कॉलेज के दिव्यांग छात्र मनोज कुमार , रोल नम्बर 2378 बी.ए. (प्रोग्राम) को निःशुल्क जारी किया हुआ है।

6. ऑरिजनल / उरकुंड सॉफ्टवेयर **(Ouriginal /URKUND Software)** की सुविधा :–

शोध कार्यों की गुणवत्ता जाँच हेतु दिल्ली विश्वविद्यालय पुस्तकालय सिस्टम द्वारा प्रदत्त **उरकुंड सॉफ्टवेयर (Ouriginal /URKUND Software)** जून–2021 से कॉलेज पुस्तकालय में उपलब्ध है। जिसकी सेवा कॉलेज संकाय सदस्यों को निरन्तर उपलब्ध करवायी जा रही है।

7. भारत–गौरव : एक अवलोकन **(India Pride : An Overview)**

ज्ञान–विज्ञान की दृष्टि से अपने देश के बारे में विभिन्न ऋषि–मुनियों एवम् वैज्ञानिकों की तार्किक सूक्तियों को पुस्तक स्वरूप में संकलित कर कॉलेज पुस्तकालय में भारत–गौरव : एक अवलोकन नाम से काउन्टर पर उपलब्ध करवा रखा है। जिससे कॉलेज के विद्यार्थी भारत के गौरवशाली इतिहास से अवगत हो सकें।

8. **Drop Box (Out of Box : Ideas & Thoughts) :-**

विद्यार्थियों के युवा मन में उठ रहे, नये–नये विचार एवम् सोच से अवगत होने के लिए 'आइए, कुछ अलग सोचे' योजना के तहत पुस्तकालय में **(Drop Box)** रखा हुआ है। जिसमें विद्यार्थी अपने मन में उठ रहे विचारों को लिखकर ड्रॉप–बॉक्स में डाल देता है। जिन्हें पुस्तकालय स्टाफ कॉलेज प्रिन्सिपल सर तक पहुँचा देता है।

9. कारगिल युद्ध में देश के लिए शहीद होने वाले वीर सैनिक कैप्टन विजयंत थापर ने युद्ध के मोर्चे पर लड़ते हुये अपने पिता को पत्र लिखा था। जो कि उनका अंतिम पत्र साबित हुआ। कॉलेज प्रिन्सिपल प्रोफेसर आर. के. गुप्ता जी ने शहीद कैप्टन विजयंत थापर के पिता से सम्पर्क कर उस पत्र को मंगवाकर उसे बड़े साईज में फ्रेम करवाकर कॉलेज पुस्तकालय में लगवाया। जिसे पढ़कर कॉलेज के विद्यार्थी एक वीर सैनिक की देश के प्रति सब कुछ समर्पित करने वाली प्रेरणा प्राप्त करते हैं।

10. साउंड प्रूफ कक्ष **(Sound Proof Room) :**

शिक्षा के बढ़ते आयाम व ऑन–लाइन कक्षाओं को मध्य–नजर रखते हुये अभी हाल ही में कॉलेज पुस्तकालय में एक साउंड प्रूफ कक्ष बनाया गया। जिसमें कॉलेज संकाय सदस्यों एवम् विद्यार्थियों को वेबिनार व रिकोर्डिंग करने में आसानी रहेगी।

11. रिसर्च कॉर्नर**(Research Cornor)**

विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट कार्य व संकाय सदस्यों को अपने शोध कार्य में सुविधा प्रदान करने के उद्देश्य से पुस्तकालय के प्रथम तल पर एक रिसर्च कॉर्नर बनाया हुआ है। जिसमें बैठकर विद्यार्थी अथवा संकाय सदस्य शान्तिपूर्वक ढ़ग से अपने प्रोजक्ट / शोध कार्य को पूर्ण कर सके।

12. **पुस्तकालय में संकाय सदस्यों के अध्ययन के लिए अलग से वाई–फाई (Wi-Fi) से युक्त वातानुकूलित अध्ययन कक्ष की सुविधा :–**

शोध कार्य एक सतत् प्रक्रिया है। यह प्रक्रिया निर्बाध गति से चलती रहे, इसके लिए पुस्तकालय में संकाय सदस्यों के लिए अलग से **वाई–फाई (Wi-Fi) युक्त** वातानुकूलित वाचनालय (**Reading Room**) की व्यवस्था है।

13. **लैप–टॉप संग्रहण रूम (Laptop Collection Room) :–**

सन् 2014 में **FYUP** स्कीम के तहत् कॉलेज को दिल्ली विश्वविद्यालय से 958 लैप–टॉप प्राप्त हुये। जिनके संग्रहण के लिए पुस्तकालय के प्रथम तल पर एक संग्रहण कक्ष बनाया हुआ है।

14. **नीलाम्बरा ड्रॉप–बॉक्स :–**

विद्यार्थियों में लेखन को बढ़ावा देने के लिए कॉलेज प्रतिवर्ष अपनी 'नीलाम्बरा' नाम से अपनी वार्षिक पत्रिका प्रकाशित करता है। 'नीलाम्बरा' में प्रकाशन हेतु कॉलेज प्रशासन छात्रों से उनके स्व–लिखित लेख, कहानी व कविता आमंत्रित करता है। 'नीलाम्बरा' में प्रकाशन हेतु विद्यार्थी अपनी लेखन साम्रगी को लाईब्रेरी में स्थित 'नीलाम्बरा ड्रॉप–बॉक्स में डाल देता है।

15. **स्मार्ट आई. कार्ड की सुविधा :–**

पुस्तकालय द्वारा विद्यार्थियों को बार–कोड (**Bar-Code**) युक्त स्मार्ट परिचय–पत्र जारी किया जाता है। जिसमें एक विशेष चिप लगी होती है। स्मार्ट–आई कार्ड के माध्यम से विद्यार्थी कॉलेज परिसर के अन्दर स्थित कैन्टिन, फोटो–स्टेट शॉप, लाईब्रेरी, अकाउन्ट में कैश सम्बधी भुगतान कर सकता है। एक तरह से यह स्मार्ट–आई कार्ड डेबिट कार्ड की तरह कार्य करता है। कॉलेज प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों को स्मार्ट आई–कार्ड देने का मुख्य उद्देश्य छात्रों में कैश लैस भुगतान (Cashless Transaction) की प्रवृत्ति को बढ़ावा देना है।

16. <u>कॉविड काल में पुस्तकालय की गतिविधियां</u> :–

(i.) कोविड़ प्रभावित विद्यार्थियों को पुस्तकालय से तीन लेप–टॉप जारी किये।

(ii.) आर्थिक रूप से कमजोर एक छात्र को ऑन–लाईन पढ़ाई हेतु कॉलेज द्वारा उपलब्ध मोबाईल फोन जारी किया।

(iii) कोविड काल में पुस्तकालय द्वारा कॉलेज के संकाय सदस्यों एवम् विद्यार्थियों को घर पर ई–न्यूज पेपर उपलब्ध करवाया गया।

(iv) कोविड काल में ही पुस्तकालय द्वारा विद्यार्थियों की मांग पर उनकों घर पर ई–मेंल व वट्सेप के द्वारा गत वर्षों के प्रश्न पत्र उपलब्ध करवायें।

17. <u>पुस्तकालय में दुर्लभ पुस्तकों का संचयन</u> :–

कॉलेज पुस्तकालय में संदर्भ–ग्रंथों का एक प्रतिनिधि संग्रह है। इसमें व्यापक विश्वकोश, विषयगत विश्वकोश, विषयकोश, साहित्यिक कोश, भाषा–कोश उद्धरण और सूक्ति कोश, जीवनी–कोश, भौगोलिक कोश, हिंदी लेखकों की ग्रंथावली, कम्प्यूटर सांइस, दर्शन शास्त्र, ज्योतिष शास्त्र, आयुर्वेद, योगा, भारतीय सिनेमा, खेल जगत आदि पर पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त भी पुस्तकें हैं। कुछ दुर्लभ पुस्तकों की सूची प्रस्तुत है :–

(i.) भारत का संविधान (मूल कृति)

(ii.) शहीद–ए–आज़म भगत सिंह की जेल डायरी (दस्तावेज़)

(iii.) Talking Bhagavad Gita: Multilingual Sanskrit, Hindi, English

(iv.) Sanatana Dharma : an elementary text-book of Hindu Religion & Ethics (1916)

(v) Constituent Assembly Debates (1950), Vol. 1-5

(क) व्यापक विश्वकोश

(i) Encyclopedia Americana 30 Vols (1969)
(ii) Encyclopeadia Britianinica 24 vols (1969)

**(ख)** विषयगत विश्वकोश तथा कोशः–

(i) Encyclopedia of Religion and Ethics (13 vol) Ed. James Hastings. (1958)
(ii) Encyclopedia of Social Science (15 vol) Ed. Seligman Edwin, R.S. (1957)
(iii) Chamber's Technical Dictionary, Ed C.F. Twency (1963)
(iv) The VNR Concise Encyclopedia of Mathematics. Ed. W. Galler and H. Kust.
(V) Internatinal Encylopedia of statistics edited by willam H. Kruskal and Judith M. Tanur. (1970)
(vi) समाज विज्ञान विश्वकोश : अभय कुमार दुबे

(ग) भाषा कोश
(i) Oxford Advanced Learner's Dictionary, edited by A.S. Homby 4th Ed. (1992)
(ii) The Concise oxford Dictinary, edited by Thompson, Delhi, 9th Ed. 1995
(iii) Webster's Third New International dictionary of the English language, Unbridged, with seven languages dictionaries 1961. Third Ed.
(iv) मानक हिंदी कोश, संपा, रामचन्द्र वर्मा, प्रकाशन–प्रयाग हिन्दी साहित्य सम्मेलन, 2016 वि. Five Volume.
(v) समांतर कोश : हिंदी थिसारस :अरविन्द कुमार, नेशनल बुक ट्रस्ट इंडिया
(vi) अमरकोश–अमरसिंह कृत, वाराणसी (1970)

(vii) शब्दकल्पद्रुम, दिल्ली, मोतीलाल बनारसी दास 1961 Five Volume
(viii) Sanskrit-English Dictionary by Mories William. Oxford

(घ) साहित्यिक कोश
(i) The Readers Encyclopedia Ed. William William Rose benet Ed. 1965.
(ii) The Penguin Compainion to Literature edited by D. R. Dudley and D.M. Lang.
(ii) Longman Companion to Twentieth Century Literature. Ed. Ag. Ward (1967)
(iii) A Copanion to Sanskrit Literature. Ed. Suresh Chandra Banerjee (1971)
(iv) an encyclopedia of English Literature Ed. Ganga Ram Garg (1982)
(V) हिंदी साहित्य कोश (भाग 1,2) सं. धीरेन्द्र वर्मा, ज्ञानमंडल वाराणसी (2020 वि.)

(ङ) जीवन कोश
(i) Chamber's Biographical dictionary edited by J.d. Thorne (1969)
(ii) The Cambridge Biographical of Noble Laureats Ed. Asoka K. Bagchi (1988)
(iii) दयानन्द संदर्भ कोश
(iv) जैनेन्द्र सिद्धान्त कोश

हमारे पुस्तकालय में सूक्तिकोशों का एक अच्छा संग्रह है जिसमें निम्नलिखित मुख्य हैं–
(i) The International Dictionary of Thought Ed. John P. Bradley etc. (1975)
(ii) The Fontana Dictionary of Quotations Ed. Allan Bullock and Oliver Stally Bress (1977).
(iii) The New Dictionary of Thoughts by tynon Edwards (1977)
(iv) बृहत् विश्व सूक्ति कोश, स. डा. श्याम बहादुर वर्मा एवं डा. मधु वर्मा द्वितीय संस्करण (1996)

हिंदी साहित्यकार/लेखकों की ग्रंथावली/रचनावली :–

(i) देव संपूर्ण ग्रंथावली
(ii) भारतेन्दु ग्रंथावली
(iii) बालकृष्ण भट्ट रचनावली
(iv) माखनलाल चतुर्वेदी ग्रंथावली
(v) मैथिलीशरण चतुर्वेदी ग्रंथावली
(vi) शिवपूजन सहाय ग्रंथावली

(vii) जैनेन्द्र रचनावली
(viii) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ग्रंथावली
(ix) डॉ. नगेन्द्र ग्रंथावली
(x) रघुवीर सहाय ग्रंथावली
(xi) अज्ञेय–साहित्य विमर्श
(xii) निराला रचनावली
(xiii) बच्चन रचनावली
(xiv) महादेवी वर्मा साहित्य समग्र
(xv) रेणु रचनावली
(xvi) नागर्जुन ग्रंथावली
(xvii) धर्मवीर भारती ग्रंथावली
(xviii). सर्वेश्वरदयाल सक्सेना
(xix) श्रीधर पाठक रचनावली

हमारा कॉलेज पुस्तकालय दिल्ली विश्वविद्यालय के सर्वश्रेष्ठ पुस्तकालयों में से एक है। हमारे **कॉलेज के प्राचार्य प्रोफेसर आर. के. गुप्ता जी**, पुस्तकालय के प्रति विशेषरूप से सजग और संजीदा है। **कॉलेज प्राचार्य जी** के **नेतृत्व एवम्** मार्गदर्शन में कॉलेज पुस्तकालय निरन्तर बेहतरी की ओर अग्रसर हो रहा है। जिनका एक ही उद्देश्य है कि कॉलेज **में आने** वाला प्रत्येक विद्यार्थी कॉलेज से ज्ञान प्राप्त कर एक मधुर स्मृति के लेकर जाये।

Maithani

पुस्तकालयाध्यक्ष/LIBRARIAN
पी.जी.डी.ए.वी. महाविद्यालय (सांध्य)
P.G.D.A.V. College (Eve.)
नेहरू नगर, /Nehru Nagar,
नई दिल्ली/New Delhi-110065